दिनांक 10 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जल संरक्षण एवं संचयन को लेकर निगम मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर बनाया जा रहा है वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने निगम मुख्य कार्यालय मे वैज्ञानिक तरीके से बनाएं जा रहे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा कंपोस्ट किट सह बायोगैस का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए ! निगम मुख्य परिसर में पूर्व से ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना हुआ है जिसे वैज्ञानिक तरीके से बनाकर आधुनिकीकरण किया जा रहा है ताकि वर्षा का जल एवं व्यर्थ बहने वाला जल, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से भूगर्भ में समाहित हो जाए! इसके अतिरिक्त रिसाली मुक्तिधाम के समीप उद्यान में, रामनगर मुक्तिधाम उद्यान में बोर के समीप, नेहरू नगर क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग बनाने का कार्य प्रगति पर है! आयुक्त श्री सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वाटर हार्वेस्टिंग के लिए ऐसे भवन को खासकर चयन किया जाए जो 1500 स्क्वायर फीट से अधिक क्षेत्रफल वाले हैं जिनके यहां वाटर हार्वेस्टिंग नहीं बनाया गया है तथा घर का पानी नाली आदि के माध्यम से व्यर्थ बह जाता है,

इसके लिए हर स्तर पर प्रयास करें ताकि सरकारी भवनों के साथ साथ निजी भवनों में भी वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध हो जिससे जलस्तर बना रहे यह भी निर्देशित किया गया कि निगम के किसी भी टंकियों से ओवरफ्लो न हो! वाटर ए.टी.एम. सभी स्थानों पर चालू रहने चाहिए सभी में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो, साथ ही केयरटेकर अपने निर्धारित समय पर मौजूद रहे! इसके अतिरिक्त निगम के समस्त जोन कार्यालय कार्यालयों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पूर्व से बना हुआ है जिसमें नोडल अधिकारी डी.के. वर्मा द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के स्थल को साफ सफाई कर फिर से सुव्यवस्थित करने हेतु पत्र जारी किया है!

आयुक्त महोदय के अवलोकन के दौरान प्र. स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, शिक्षा प्रभारी राजेंद्र राव, पत्रकार एवं अभियंता मधुर चितलांगिया, सदस्य अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे!

जल है तो कल है जल ही जीवन है!